कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा

पत्रांकः 70 / 14–1 आगरा : दिनांक : 3-7- जून, 2021

सेवा में,

परियोजना प्रबन्धक
यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई
उ0प्र0 जल निगम, आगरा।

विषक : जनपद आगरा के अन्तर्गत नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आगरा सीवरेज योजना आई0 एण्ड डी0 वर्क्स में प्रस्तावित डी0एस0टी0पी0 के निर्माण में 0.9024 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग हेतु अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ : आपका प्रस्ताव दिनांक 01.07.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि आपका विषयगत प्रस्ताव इस कार्यालय को दिनांक 01.07.2021 को प्राप्त हुआ जिसका अवलोकन करने पर आपके प्रस्ताव में निम्न कमियॉ पायी गयी।

अतः आप कमियों का निस्तारण कर अनुपालन आख्या तत्काल इस कार्यालय को प्रेषित करें ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

1. प्रस्ताव के साथ संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न नहीं है।
2. प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित स्थल के फोटोग्राफ संलग्न नहीं हैं।
3. प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की टॉपोसीट संलग्न नहीं है।
4. प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल का जियो रिफ्रेंश मैप संलग्न नहीं है।
5. प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वनीकरण योजना संलग्न नहीं है।
6. प्रस्ताव के साथ भूमि उपयुक्तता प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

भवदीय

(अखिलेश पाण्डेय)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

पत्रांक 70 / दिनांकित

प्रतिलिति क्षेत्रीय वन अधिकारी बॉईपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप बिन्दु सं0–5 के सम्बन्ध में 1.8048 हे0 वन भूमि पर रोपण एवं 10 वर्ष के अनुरक्षण सहित का प्राक्कलन तैयार कर तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा प्रयोक्ता को क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की जी.पी. एस. रीडिंग उपलब्ध करायें ताकि प्रयोक्ता द्वारा टोपोसीट एवं डिजीटल मैप तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित किया जा सके।

02/07/2021

(अखिलेश पाण्डेय)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।